# राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान, जोधपुर

## वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार

निफ्ट परिसर, करवड़, जोधपुर–342 037, राजस्थान, भारत

# ''हिन्दी पखवाड़ा–2022''

**(14 सितम्बर, 2022 से 30 सितम्बर, 2022)**

# प्रतिवेदन

# हिन्दी पखवाड़ा–2022 का शुभारम्भ

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार हिंदी दिवस एवं द्वितीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का शुभारंभ माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी की अध्यक्षता में सूरत (गुजरात) से किया गया।





राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार एवं निफ्ट, मुख्यालय के निर्देशानुसार हिन्दी पखवाड़ा–2022 का आयोजन 16 सितंबर, 2022 के बाद से 30 सितम्बर, 2022 के मध्यान्ह् निफ्ट जोधपुर में किया गया। निफ्ट, जोधपुर में 19 सितम्बर, 2022 से हिन्दी पखवाड़ा–2022 का आयोजन किया गया, जिसमें निफ्ट जोधपुर के निदेशक प्रो. जी. एच. एस. प्रसाद की अध्यक्षता में माननीय गृहमंत्री, माननीय वस्त्र मंत्री, माननीय वस्त्र राज्यमंत्री, माननीय सचिव, वस्त्र मंत्रालय तथा माननीय महानिदेशक, निफ्ट द्वारा हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य पर जारी किये गये संदेशों को निफ्ट जोधपुर के पदाधिकारियों द्वारा पढ़ा गया एवं हिन्दी पखवाड़ा–2022 कार्यक्रम का भव्य शुभारम्भ हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस आयोजन के मौके पर निफ्ट, जोधपुर के निदेशक महोदय एवं संयुक्त निदेशक एवं प्रभारी (राजभाषा) द्वारा हिन्दी दिवस की महत्ता व  हिन्दी भाषा की उपयोगिता के साथ ही हिन्दी

पखवाड़ा करवाने का उद्देश्य एवं हिन्दी पखवाड़ा में होने वाली आगामी गतिविधियों के बारे में सभी सर्वगणों को अवगत करवाया गया। इस मौके पर निफ्ट, जोधपुर के लगभग सभी अधिकारीगण/संकायगण व स्टाफ कार्मिकगणों द्वारा अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई गई।






## <u>हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता</u>

निफ्ट, जोधपुर में निफ्ट मुख्यालय के निर्देशानुसार सर्वप्रथम दिनांक 19 सितम्बर, 2022 को हिन्दी पखवाड़ा–2022 के अन्तर्गत हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता अधिकारियों/संकाय/कर्मचाारियों/विद्यार्थियों हेतु आयोजित की गई। हिंदी निबंध प्रतियोगिता हेतु विषय इस प्रकार थे – <u>**(1) ओलंपिक खेलों में भारत के प्रदर्शन की समीक्षा। (2) सोशल मीडिया का बढ़ता प्रभाव व इसके परिणाम। (3) भ्रष्टाचार पर अंकुश के उपाय।**</u> उक्त विषयों में से किसी एक विषय पर प्रतिभागियों को निबंध लिखना था। जिसके अन्तर्गत अधिकारियों/संकाय/कर्मचारियों/विद्यार्थियों द्वारा पूरे उत्साह और उमंग के साथ बढ–चढकर हिस्सा लिया गया तथा इस प्रतियोगिता के अन्तर्गत कुल प्रतिभागियों की उपस्थिति 29 रही।














## हिन्दी आशु वाद विवाद प्रतियोगिता

निफ्ट जोधपुर में दिनांक 21 सितम्बर, 2022 को हिन्दी पखवाड़ा–2022 के अन्तर्गत हिन्दी आशु वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें **''आज के दौर में फैशन का बदलता स्वरूप''** विषय प्रतियोगिता के लिए रखा गया। जिसके अन्तर्गत अधिकारीगण एवं कर्मचारीगणों द्वारा पूरे उत्साह और उमंग के साथ हिस्सा लिया गया। प्रतियोगिता के अन्तर्गत कुल 15 प्रतिभागियों ने भाग लिया।










## हिन्दी अनुवाद एवं भाषा ज्ञान प्रतियोगिता

निफ्ट जोधपुर में दिनांक 23 सितम्बर, 2022 को हिन्दी पखवाड़ा–2022 के अन्तर्गत हिन्दी अनुवाद एवं भाषा ज्ञान प्रतियोगिता अधिकारियों/संकाय/कर्मचाारियों/विद्यार्थियों हेतु आयोजित की गई। जिसमें हिंदी अनुवाद एवं भाषा ज्ञान से संबंधित प्रश्नों का समावेश किया गया। इस प्रतियोगिता के अन्तर्गत अधिकारियों/संकाय/कर्मचाारियों/विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ हिस्सा लिया गया। प्रतियोगिता में कुल सर्वाधिक 33 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।








## हिन्दी टंकण गति प्रतियोगिता

निफ्ट जोधपुर में दिनांक 26 सितम्बर, 2022 को हिन्दी पखवाड़ा–2022 के अन्तर्गत हिन्दी टंकण गति प्रतियोगिता अधिकारीगणों व कर्मचारीगणों हेतु आयोजित की गई। हिन्दी टंकण गति प्रतियोगिता हेतु शीर्षक ''**भारत जैसे बहुभाषी राष्ट्र में राजभाषा हिंदी की स्थिति**'' रखा गया । इस प्रतियोगिता में सामान्य टंकण एवं यूनिकॉड दोनो का उपयोग किया गया। जिसके अन्तर्गत अधिकारीगण एवं कर्मचारीगणों द्वारा पूरे उत्साह और उमंग के साथ हिस्सा लिया गया। प्रतियोगिता के अन्तर्गत कुल प्रतिभागियों की उपस्थिति 29 रही।








## हिन्दी श्रुतलेखन प्रतियोगिता

निफ्ट जोधपुर में निफ्ट मुख्यालय के निर्देशानुसार दिनांक 28 सितम्बर, 2022 को हिन्दी पखवाड़ा–2022 के अन्तर्गत हिन्दी श्रुतलेखन प्रतियोगिता केवल एमटीएस हेतु आयोजित की गई। हिन्दी श्रुतलेखन प्रतियोगिता का शीर्षक **''भारत की आजादी के आदोलन में हिंदी की भूमिका''** रखा गया था। जिसके अन्तर्गत लगभाग सभी एमटीएस द्वारा पूरे उत्साह और उमंग के साथ बढ–चढकर हिस्सा लिया गया तथा इस प्रतियोगिता के अन्तर्गत कुल प्रतिभागियों की उपस्थिति 15 रही।









## समापन समारोह

हिन्दी पखवाड़ा–2022 का समापन निफ्ट जोधपुर में दिनांक 29 सितम्बर, 2022 को आयोजित किया गया, जिसमें निफ्ट, जोधपुर के निदेशक महोदय, संयुक्त निदेशक एवं प्रभारी (राजभाषा) महोदय, तथा अन्य अधिकारीगण/फैकल्टीगण व स्टाफ कार्मिकगण उपस्थित हुए एवं उन्होनें समापन समारोह के उपलक्ष्य पर हिन्दी भाषा एवं उसके उपयोग के महत्व के बारे में सभी को अवगत करवाया गया।

इस मौके पर संयुक्त निदेशक महोदय द्वारा हिन्दी पखवाड़ा का सफल आयोजन होने के लिए सभी सर्वगणों का हार्दिक आभार प्रकट किया और साथ ही में उक्त हिन्दी पखवाड़ा के आयोजक मण्डल (संयुक्त निदेशक एवं प्रभारी (राजभाषा) एवं हिन्दी विभाग के कनिष्ठ अनुवादक अधिकारी) का विशेषकर आभार जताया, और भविष्य में भी ऐसे ही सफल आयोजन संचालन करने तथा अधिक से अधिक हिन्दी में कार्य करने के लिए उत्प्रेरित किया गया।

इसी क्रम में हिन्दी पखवाड़ा–2022 के अन्तर्गत आयोजित की गई प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों के सम्बन्ध में निदेशक महोदय, संयुक्त निदेशक एवं प्रभारी (राजभाषा) महोदय एवं कनिष्ठ अनुवादक अधिकारी द्वारा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया। सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप प्रमाण–पत्र के साथ नकद पुरस्कार (राशि सीधे उनके खाते में स्थानान्तरित की जायेगी) प्रदान किये गये। इस प्रकार विजेता प्रतिभागियों को प्रथम पुरस्कार के रुप में ₹ 4500/–, द्वितीय पुरस्कार के रुप में ₹ 3500/–, तृतीय पुरस्कार के रुप में ₹ 2500/– तथा कुल 03 सांत्वना पुरस्कार के रुप में ₹ 1500/– रुपये की राशि प्राप्त होगी। इसके साथ ही राजभाषा हिन्दी प्रगति हेतु हर वर्ष की भांति अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 20,000/– शब्दों से अधिक शब्दों पर कार्य करने हेतु पुरस्कार स्वरूप नकद पुरस्कार में प्रथम पुरस्कार दो प्रतिभागी को ₹ 5100/–, द्वितीय पुरस्कार तीन प्रतिभागी को ₹ 3100/– एवं तृतीय पुरस्कार पांच प्रतिभागी को ₹ 2100/– प्रदान किये गए।

इसके उपरान्त संयुक्त निदेशक एवं प्रभारी (राजभाषा) महोदय एवं कनिष्ठ अनुवादक अधिकारी द्वारा हिन्दी पखवाड़ा–2022 के समापन की घोषणा करते हुए सभी सर्वगणों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इसके साथ ही निफ्ट, जोधपुर के निदेशक महोदय, संयुक्त निदेशक एवं प्रभारी (राजभाषा) महोदय के मार्गदर्शन एवं सुझावों के लिए धन्यवाद दिया गया। इस प्रकार निफ्ट, जोधपुर में हिन्दी पखवाड़ा–2022 बहुत ही उमंग, हर्षोल्लास एवं आनन्दमय तरीके से सम्पन्न हुआ।









*****